भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2357
उत्तर देने की तारीख 03.08.2026

शहीद बाजी राउत की जन्म शताब्दी

2357. श्री रुद्र नारायण पाणी:

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस वर्ष ओडिशा में सबसे कम उम्र के शहीद बाजी राउत की जन्म शताब्दी मनाई जा रही है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की क्या भूमिका है; और

(ग) क्या राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में केंद्रीय स्तर पर कोई कार्यक्रम आयोजित किए जाने की संभावना है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): जी नहीं। संस्कृति मंत्रालय अपनी शताब्दी और वर्षगांठ योजना के तहत देश की प्रतिष्ठित हस्तियों और ऐतिहासिक महत्व की घटनाओं की 50वीं/75वीं/100वीं/125वीं/150वीं/175वीं आदि जैसी जन्म शताब्दियों और विशेष वर्षगांठों को मनाता है। किसी प्रतिष्ठित हस्ती/महत्वपूर्ण घटना के संबंध में स्मरणोत्सव को मंजूरी मिलने के बाद, मंत्रालय इसे मनाने के लिए विभिन्न पहल करता है, जिसमें स्मारक सिक्का और स्मारक डाक टिकट जारी करना शामिल है। शहीद बाजी राउत की जन्म शताब्दी सरकार का स्वीकृत स्मरणोत्सव नहीं है।

*****